रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट

# कार्यालय ग्राम पंचायत धोसुण्डी ..........

क्रमांक / ग्राप / निर्माण / बीएसआर / 2017–18 / 12 दिनांक : 27/6/17

निमित्त :–

1. मैसर्स मुल्तानी मेटल्स, 348, पन्नाधाय बस स्टेण्ड के पास, स्कीम न. 5, गांधीनगर, चित्तौडगढ।
2. मैसर्स एम. आर. इंजीनियरींग वर्क्स, दुकान न. 6, पुराना बस स्टेण्ड, चित्तौडगढ।
3. मैसर्स मुल्तानी सेल्स, पावटा चौक, चित्तौडगढ

विषयः– बी एस आर दरो पर सामग्री का उपापन हेतु दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने बाबत्।

संदर्भः– ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना एफ 27 (263 ) ग्रावि / अनु–5 / जीकेएन / उपापन / 2015–16 / दिनांक 13.08.2016 एवं 92279 दिनांक 13.04.2017

..............................................

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अधिकतम बी एस आर दरो पर सामग्री का उपापन हेतु जारी संदर्भीत अधिसूचना के क्रम में ग्राम पंचायत स्तरीय क्रय समिति द्वारा दिनांक ....27/6/17.... को लिए गए प्रस्ताव अनुसार निम्नांकित कार्य पर प्रयुक्त होने वाली उल्लेखित सामग्री आपकी फर्म से क्रय करने हेतु प्रस्ताव इस पत्र की प्राप्ति दिनांक से सात दिवस ( पत्र जारी करने की तिथि से अधिकतम 10 दिवस) के भीतर–भीतर संलग्न प्रपत्र में आमंत्रित किए जाते है। यदि आपकी फर्म उक्त सामग्री प्रदाय करने की इच्छुक हो तो निर्धारित अवधि में अपनी दरें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट या व्यक्तिशः ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें। विलम्ब से प्राप्त दर प्रस्ताव पर विचार नही किया जावेगा :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | वित्तीय स्वीकृति क्रमांक / दिनांक | कार्य की राशि | क्रय की जाने वाली सामग्री | अनुमानित मूल्य BSR अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत क्षैत्र में निर्धारित स्थान पर राष्ट्रीय / राज्य प्राथमिकता योजनाओं के प्रदर्शन हेतु होर्डींग्स बोर्ड स्थापना कार्य | 627 / 15-03-2017 | 100000 | संलग्न तखमीने एवं ड्राईग अनुसार | 98048 |
| | | | Total | | **98048** |

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्तानुसार सामग्री आपूर्ति करने हेतु आपकी फर्म के पास सामग्री आपूर्ति का 2 वर्ष का अनुभव, 2 वर्ष पूर्व में जारी स्थाई TIN No., PAN No. की प्रति एवं 2 वर्षो में की दाखिल रिटर्न ( जो कि कम से कम उपापन की जाने वाली सामग्री की लागत के बराबर या अधिक हो) की प्रति एवं कर चुकता प्रमाण पत्र की प्रति अपनी दर प्रस्ताव के साथ स्वप्रमाणित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इनके अभाव में आपकी दरों को प्रथम दृष्टया में खारिज कर दिया जावेगा। साथ ही आपूर्तिकर्ता किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लैकलिस्टेड नही होना चाहिए।

आपकी फर्म की दरों के प्रस्ताव बीएसआर दर अथवा उससे कम पर ही स्वीकार किए जावेंगे। बीएसआर दर से अधिक दर के प्रस्ताव किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नही होंगे। सामग्री की आपूति क्रयादेश जारी होने पर एफ.ओ.आर. कार्य स्थल पर स्थापित कर सप्लाई करनी होगी। किसी भी दर प्रस्ताव को स्वीकार करने / न करने के सम्बन्ध में पंचायत स्तरीय क्रय समिति का निर्णय अंतिम होकर सर्वमान्य रहेगा। कार्य / सप्लाई की जाने वाली सामग्री गुणवत्ता पूर्ण नही होने पर भुगतान देय नही होगा। किसी भी सामग्री / कार्य का तकनीकी अधिकारी द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार ही भुगतान देय होगा।

ग्राम सेवक पदेन सचिव
ग्राम पंचायत ............

सरपंच
ग्राम पंचायत ............

क्रमांक / ग्रापप / निर्माण / बीएसआर / 2017–18 /

दिनांक :

*प्रतिलिपि :– सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–*

1. श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौडगढ ।
2. श्रीमान् विकास अधिकारी, पंचायत समिति, चितौडगढ को देकर अनुरोध है कि दर प्रस्ताव वेब पोर्टल पर प्रकाशित कराने का कष्ट करावे।
3. स0 ले0 अधिकारी ग्रेड ।। / कनिष्ठ अभियंता / क0 तकनीकी सहायक पंचायत समिति को देकर निवेदन है कि प्राप्त होने वाले दर प्रस्तावों पर विचार करने हेतु ग्राम पंचायत स्तरीय क्रय समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 07/7/21 ............ को प्रातः 11.00 बजे किया जाना निर्धारित है। अतः बैठक में पधारने का कष्ट करावे।
4. नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत कार्यालय भवन / सार्वजनिक स्थल पर चस्पा कर आम जन / इच्छुक फर्मो के सूचनार्थ लेख है कि उपरोक्त शर्तो की पालना करते हुए कोई व्यक्ति / फर्म अपनी दरें प्रस्तुत करना चाहे तो दरें मय आवश्यक दस्तावेज निर्धारित दिनांक तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट या व्यक्तिशः ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें।
5. कार्यालय प्रति / सम्बन्धित निर्माण कार्य पत्रावली ।

ग्राम सेवक पदेन सचिव
ग्राम पंचायत ............

सरपंच
ग्राम पंचायत ............